आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 12 मई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के बीच विदेशी मुद्रा की बचत के लिए लोगों से ईंधन बचाने और विदेशी उत्पादों का उपयोग कम करने का आग्रह किया है। गुजरात के वडोदरा में कल जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने पेट्रोल और डीजल का उपभोग कम करने तथा घर से काम, ऑनलाईन कक्षाएं और वर्चुअल बैठक जैसे कोविड दौर के उपाय अपनाने की अपील दोहराई।

पेट्रोल डीजल का उपयोग कम करें, इलेक्ट्रिक बस और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का अधिक इस्तेमाल करें । कार पुलिंग को बढ़ावा दें। यह जरूरी है कि सरकारी और प्राइवेट दोनों ही दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम को प्राथमिकता दी जाए। मैं कुछ स्कूलों से भी आग्रह करूंगा कि कुछ समय के लिए ऑनलाइन क्लासेस की व्यवस्था पर काम करें। मैं आप सबसे आग्रह करूंगा कि जब तक हालात सामान्य ना हो हम सोने की खरीद को टालें।

****

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश में खाद्यान्न का पर्याप्त भंडार है और किसी तरह का कोई अभाव नहीं है। नई दिल्ली में कल कृषि बदलाव से स्वास्थ्य के लिए विज्ञान की उत्कृष्टता - सेहत पहल का शुभारंभ

करते हुए श्री चौहान ने कहा कि इससे लोगों के लिए स्वास्थ्य के लिए लाभदायक जीवनशैली को बढावा देने में मदद मिलेगी।

सदियों से कहा गया है- पहला सुख निरोगी काया। शरीरम आद्यम सर्वधर्म साधनम। अगर शरीर स्वस्थ है तो आप सब धर्मों का पालन कर सकते हैं। जो शरीर के लिए उपयोगी है और स्वास्थ्य के लिए उपयोगी है, पोषण के लिए उपयोगी है वहीं खाओ, संतुलित आहार।

इस अवसर पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि यह पहल स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए सरकार की सक्रियता दर्शाती है।

हम जानते है कि हम लोगों ने ट्रांसफोरमेटिक प्रोग्रेस किया है और जब हम ट्रांसफोरमेटिक प्रोग्रेस की बात करते हैं तो हमने हेल्थ सिस्टमस को भी काफी स्ट्रैथन किया है और हमारी कोशिश क्या है कि हम एक्सपैंड करें। अफोर्डेबल और हाई क्वालिटी के लिए और जो हमारा फोकस है वो फोकस है प्रीवेंशन पर, अर्ली डिटेक्शन पर और कॉनटिनम ऑफ केयर पर।

सेहत पहल का उद्देश्य स्वस्थ भारत के लिए कृषि, पोषण और वैज्ञानिक नवाचार को मजबूत करना है।

****

हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बधवाना डिस्ट्रीब्यूटरी रीमॉडलिंग परियोजना के आरसीसी पाइपलाइन के कार्य 15 जून तक हर हाल में पूरे किए जाएं।

सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने यह निर्देश बधवाना डिस्ट्रीब्यूटरी रीमॉडलिंग परियोजना के औचक निरीक्षण के दौरान दिए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 41 करोड़ 30 लाख रुपये की अनुमानित लागत से बधवाना डिस्ट्रीब्यूटरी के रीमॉडलिंग कार्य को मंजूरी दी थी और इस परियोजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना के कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो तथा सभी लंबित प्रक्रियाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए।सिंचाई मंत्री ने कहा कि इस परियोजना के पूरे होने से चरखी दादरी शहर सहित आसपास के लगभग 35 गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे क्षेत्र के लगभग 2 लाख 30 हजार लोगों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था और अधिक मजबूत एवं स्थायी बनेगी। उन्होंने बताया कि सिंचाई हेतु बेहतर जल आपूर्ति व्यवस्था से लगभग डेढ़ लाख शहरी निवासियों तथा लगभग 80 हजार ग्रामीण नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा।

यह परियोजना आने वाले वर्षों में क्षेत्र की बढ़ती जल आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि डिस्ट्रीब्यूटरी के रीमॉडलिंग कार्य पूरा होने के बाद किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध

होगी तथा पानी की आपूर्ति अधिक सुचारू और प्रभावी तरीके से सुनिश्चित हो सकेगी।

****

मेरा युवा भारत एवं केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में कल राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर सतयुग दर्शन इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में जागरूकता कार्यक्रम और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भारत की वैज्ञानिक एवं तकनीकी उपलब्धियों से परिचित कराना और उनमें राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के महत्व, भारत की वैज्ञानिक प्रगति और तकनीकी विकास में युवाओं की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई।

****